हरिभूमि
# रत्न भूमि
रायपुर, बुधवार, 12 जून 2024
[ राजिम | फिंगेश्वर | छुरा | मुड़ागांव | रसेला | गरियाबंद | कोपरा | मैनपुर | देवभोग | पांडुका ]



## खबर संक्षेप



### किसान सम्मान की राशि जारी नेताम ने जताया आभार

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के कृषि विकास एवं किसान कल्याण मंत्री रामविचार नेताम ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा तीसरे कार्यकाल का शपथ लेते ही देश के 9.3 करोड़ किसानों को 20 हजार करोड़ रुपए की प्रधानमंत्री सम्मान निधि राशि जारी करने पर धन्यवाद ज्ञापित किया है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत प्रदेश के 38 लाख से ज्यादा किसान पंजीकृत हैं। कृषि मंत्री श्री नेताम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली हमारी सरकार किसान हितैषी सरकार है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सरकार छत्तीसगढ़ के किसानों के विकास को प्राथमिकता में लेकर काम कर रही है।

### अब तुलसी पूजा पर मिलेगी सरकारी छुट्टी

**रायपुर।** राज्य सरकार ने देवउठनी एकादशी (तुलसी पूजा) की छुट्टी की घोषणा की है। इस साल 12 नवंबर को पर्व के दिन सभी सरकारी कार्यालयों और संस्थानों में स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है। साथ ही अब नागपंचमी पर मिलने वाली छुट्टी अब नहीं मिलेगी। दरअसल, इस साल नागपंचमी के पर्व के लिए सरकारी दफ्तरों में 9 अगस्त छुट्टी घोषित की गई थी, जिसके बदले में राज्य सरकार ने नागपंचमी के त्योहार की छुट्टी को परिवर्तित करते हुए देवउठनी एकादशी यानी तुलसी पूजा को छुट्टी घोषित की है। रायपुर शहर और नया रायपुर अटल नगर स्थित सभी सरकारी दफ्तरों और संस्थाओं के लिए छुट्टी कैलेंडर में यह संशोधन किया गया है।

### हरनाम बने अध्यक्ष



**रायपुर।** राजधानी रायपुर स्थित सामाजिक भवन में रविवार को पूज्य पंचायत नहरपारा का आमसभा और चुनाव किया गया, जिसमें सर्वसम्मति से सिंधी समाज के लोगों ने अध्यक्ष पद के लिए हरनाम सिंह तलरेजा को चुना। अब नए अध्यक्ष अपनी कार्यकारिणी गठित करेंगे। यह जानकारी पंचायत के सदस्य किशोर आहूजा ने देते हुए बताया कि इस अवसर पर बलराम पी आहूजा, नत्थूलाल धनवानी, जयराम बढेजा, महेश खूबचंदानी, मनोहर ठंकरानी, महेश वलेचा सहित अन्य समस्त सदस्य उपस्थित रहे।

## पेज 11 के शेष...

### नायक समाज के...

रूप सिंह नायक, परदेसी राम नायक, पलटू राम नायक, मनोज कुमार नायक, नेक राम नायक, जेठूराम नायक, दिनू राम नायक, किशन लाल नायक, भैया राम नायक, प्रेमलाल नायक, हेमंत नायक, रोशन नायक, केसोरम नायक, रेखूराम नामक, किशोर नायक, राजकुमार नामक, द्वारका नायक, संतोष नायक, धनेश नायक, हेमलाल नायक बरातूराम नायक, गंगाराम नायक, शैलेंद्र राम नायक, समारू राम नायक, शिव नायक, भागवत नायक, विजय नायक, घसियाराम नायक, यशवंत नामक, शेखर नायक, हेम कुमार नामक, कुलेश्वर नामक, बालचंद नामक एवं समस्त बंजारा नायक परिवारों द्वारा भीषण गर्मी में निस्तारित तालाब बनाया।

## निधन

### लतेल राम साहू



**कोपरा।** भेंडरी निवासी वरिष्ठ किसान लतेल राम साहू 73 वर्ष का मंगलवार को निधन हो गया है। वे भाजपा मंडल महामंत्री चंदन साहू के पिता थे। जिनका अंतिम संस्कार गांव के मुक्तिधाम में किया गया। जिसमें गांव के गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

# राशन घोटाले की घोषणा के बाद सक्रिय हुआ खाद्य विभाग, कलेक्टरों से मांगी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कांग्रेस सरकार के समय में हुए राशन घोटाले की विधायकों की समिति से जांच कराने की घोषणा के बाद खाद्य संचालक ने कलेकटरों को पत्र लिखकर जानकारी मांगी है। मामले में यह जानकारी मांगी गई है कि प्रदेश की 13 हजार से अधिक राशन दुकानों में कितनी कमी पाई गई। उनमें से कितने की वसूली की गई, कितने पर प्रकरण दर्ज किया गया। घोटाले के लिए गठित जांच कमेटी की अभी पहली बैठक नहीं हुई है, उसके पहले ही विभाग की ओर से तैयारी शुरू हो गई है। उल्लेखनीय है कि उचित मूल्य दुकानों में सितंबर 2022 के बचत स्टाक का सत्यापन खाद्य अधिकारियों ने किया था। जांच रिपोर्ट दिसंबर 2022 से मई 2023 के दौरान प्रस्तुत की गई।

मामले में खाद्य संचालनालय के अधिकारियों के साथ मिलीभगत कर राशन दुकानों में चावल, शक्कर, गुड़, चना सहित राशन सामग्री को बेचने का आरोप है। साथ ही प्रधानमंत्री खाद्यान्न सुरक्षा योजना का लाखों क्विंटल चावल को ब्लैक मार्केट में बिकवा दिया गया था। खाद्य संचालनालय के अपर संचालक के साथ मिलकर राशन दुकानों से चावल, शक्कर की कालाबाजारी की जानकारी आई थी। तेरह हजार राशन दुकानों को सालभर के कोटे की तुलना में दो से तीन गुना अधिक चावल का कोटा जारी कर छह अरब का राशन चावल की अफरातफरी हुई थी। बताया जाता है कि घोटाले को दबाने के लिए साफ्टवेयर से तेरह हजार राशन दुकानों के घोषणा पत्र गायब कर दिए गए थे। मैदानी अमले पर एफआईआर, निलंबन, विभागीय कार्रवाई की धमकी देकर बाजार से चावल खरीद कर रखवाने का काम करवाया गया है। राजस्व वसूली के लिए बिना प्रकरण बनाए नोटिस जारी करवाया गया था। मामला जब प्रकाश में आया, तो एक सप्ताह में राशन घोटाले में राशन दुकानों में बचे चावल की मात्रा की जानकारी के नाम पर खाद्य संचालनालय के अपर संचालक ने बोगस जानकारी भेज दी थी।

## राशन की कमी, वसूली और कितने प्रकरण दर्ज कर की गई कार्रवाई

### समिति की बैठक जल्द होगी

समिति के सचिव दिनेश शर्मा ने बताया कि समिति की बैठक सभापति के आदेश पर जल्द होगी। तिथि अभी तय नहीं हुई है। पहली बैठक में जांच के बिन्दु तय किए जाएंगे। विभाग से भी इस संबंध में की गई कार्रवाई की जानकारी ली जाएगी।



## राज्य पुलिस मुख्यालय ने भर्ती की प्रक्रिया के लिए शुरू की एजेंसी की तलाश

# पुलिस के 6 हजार पदों पर भर्ती, हाईटेक तरीके से होगा चयन, सात लाख हैं नौकरी के उम्मीदवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ पुलिस में करीब छह हजार जवानों की भर्ती प्रक्रिया के लिए हाईटेक तरीके अपनाए जाएंगे। पुलिस जवानों की भर्ती में शारीरिक दक्षता की जांच से लेकर लिखित परीक्षा के दौरान भी तकनीक का सहारा लिया जाएगा। इन पदों के लिए करीब सात लाख उम्मीदवार हैं। कोशिश ये होगी की पूरी भर्ती प्रक्रिया पारदर्शी ढंग से हो सके। राज्य पुलिस मुख्यालय ने भर्ती की प्रक्रिया के लिए किसी ऐसी एजेंसी की तलाश शुरू कर दी है, जिसके माध्यम से यह भर्ती हाईटेक तरीकों के इस्तेमाल के साथ हो सके। वजह ये भी है कि सात लाख दावेदारों की शारीरिक जांच पड़ताल के लिए हर दिन करीब एक हजार लोगों की जांच करना है। इस काम के लिए पुलिस मुख्यालय एजेंसी की मदद लेगा। इसके लिए टेंडर भी जारी किया गया है।

## इस तरह होगी भर्ती प्रक्रिया




छत्तीसगढ़ पुलिस रिक्तियों को भरने के लिए जिला पुलिस बल कांस्टेबल कैडर के पद पर भर्ती होनी है। इसके लिए शारीरिक दक्षता परीक्षण (100 मीटर दौड़, 800/1500) होगी। अभ्यर्थियों की डिजिटल ऊंचाई और छाती माप, समय मापने के लिए रेडियो फ्रीक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन (आरएफआईडी) चिप टाइमिंग तकनीक और दूरी,ऊंचाई मापने के लिए डिजिटल प्रौद्योगिकी प्रणालियों का उपयोग करके पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया का उपयोग करने का प्रस्ताव है। नकल और प्रतिरूपण को खत्म करने के लिए लिखित परीक्षाओं के लिए एमटी दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद और शॉट पुट थ्रो) और बायोमेट्रिक डिवाइस, ऑप्टिकल मार्क रिकग्निशन (ओएमआर) ऑप्टिकल कैरेक्टर रिकग्निशन (ओसीआर) तकनीक का उपयोग प्रस्तावित है। जिला पुलिस बल कांस्टेबल संवर्ग के 5967 पदों पर भर्ती प्रस्तावित है, जिसमें लगभग 7 लाख अभ्यर्थियों के छत्तीसगढ़ राज्य में चुने हुए केंद्रों में आयोजित होने वाली भर्ती परीक्षाओं में शामिल होने की उम्मीद है।

### सर्विस प्रोवाइडर को करना होगा ये काम

पुलिस विभाग को इस पूरे काम के लिए तथा संपूर्ण कार्यक्रम प्रबंधन के लिए एक एकल समाधान प्रदाता की आवश्यकता है। प्रत्येक भर्ती केंद्र को प्रतिदिन न्यूनतम 1000 अभ्यर्थियों का शारीरिक माप, शारीरिक दक्षता परीक्षण लेना होगा। कंप्यूटर इंटरफ़ेस के माध्यम से ऊंचाई और छाती की डिजिटल माप और रिकॉर्डिंग (केवल पुरुष उम्मीदवारों के लिए) की जानी है। पंजीकरण कंप्यूटर बारकोड स्कैनर और चिप्स स्कैनर और प्रवेश पत्र में मुद्रित होने के लिए बार-कोडिंग से सुसज्जित होंगे। उम्मीदवारों के हस्ताक्षर की छवि के साथ हॉल टिकट उपस्थिति प्रपत्र/प्रवेश पत्र तैयार किए जाएंगे। भर्ती केंद्रों पर लिखित परीक्षा की ओएमआर शीट की छपाई और संपूर्ण ओएमआर उत्तर पुस्तिकाओं की स्कैनिंग की जाएगी। सभी भौतिक माप केंद्रों पर बायोमेट्रिक उपकरणों और कैंचुराइन डेटा की व्यवस्था रखी जाएगी। सभी शारीरिक माप केंद्रों, शारीरिक दक्षता परीक्षण केंद्रों और लिखित परीक्षा केंद्रों पर बायोमेट्रिक उपकरणों की व्यवस्था करना और डेटा कैप्चर करना और इन उपकरणों के माध्यम से उम्मीदवारों की पहचान की पुष्टि की जाएगी। दौड़ की शारीरिक दक्षता परीक्षा में समय मापन के लिए चयन समिति को प्रत्येक केंद्र पर आरएफआईडी तकनीक आधारित समय मापन प्रणाली उपलब्ध कराना तथा सभी अभ्यर्थियों का परिणाम डेटा बिना किसी त्रुटि के तुरंत सर्वर पर अपलोड करने का काम भी सर्विस प्रोवाईडर को करना होगा।

### ऐसी होगी चयन प्रक्रिया

चयन प्रक्रिया के प्रत्येक चरण में असफल, उत्तीर्ण उम्मीदवारों की शॉर्टलिस्ट और वर्गीकरण में कम्प्यूटरीकृत कार्रवाई के लिए एक सॉफ्टवेयर विकास और एकीकरण, ओसीआर,आईसीआर, ओएमआर आवेदन पत्र प्राप्त करने के बाद स्कैन किए गए डेटा को अपलोड किया जाएगा। यह सॉफ्टवेयर छत्तीसगढ़ पुलिस के सर्वर पर पोस्ट किया जाएगा और इसका प्रबंधन छत्तीसगढ़ पुलिस द्वारा किया जाएगा। चयन समिति इस सॉफ्टवेयर के माध्यम से भर्ती के डेटाबेस तक पहुंचने और विभिन्न भर्ती एजेंसियों की चयन प्रक्रिया के विभिन्न चरणों में भर्ती परिणामों की समीक्षा करने में सक्षम होगी। लिखित परीक्षा में आमंत्रित करने के लिए अधिसूचना में भर्ती नियमों के अनुसार उत्तीर्ण अभ्यर्थियों की चयन सूची तैयार करना और नोटिस तैयार करना जो सभी असफल अभ्यर्थियों को भेजा जाएगा, ये सभी जानकारी छत्तीसगढ़ पुलिस की वेबसाइट पर अपलोड की जाएगी ताकि उत्तीर्ण अभ्यर्थी अपना आवेदन पत्र डाउनलोड कर सकेंगे। संपूर्ण स्कैन किए गए दस्तावेजों को छत्तीसगढ़ पुलिस की वेबसाइट पर बिना किसी त्रुटि के नियत तिथि पर अपलोड एवं प्रकाशित किया जाएगा। यह सारा काम सर्विस प्रोवाइडर को करना होगा।



### डिप्टी सीएम के हाथों गोस्वामी सम्मानित

**राजिम।** महादेव घाट में आयोजित एक सामाजिक कार्यक्रम के दौरान प्रदेश के डिप्टी सीएम-गृहमंत्री विजय शर्मा ने शहर के वरिष्ठ पत्रकार कामेश्वर गोस्वामी का स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।



### बृजमोहन का एयरपोर्ट में स्वागत

**राजिम।** रायपुर लोकसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित सांसद बृजमोहन अग्रवाल मंगलवार को दिल्ली से राजधानी रायपुर पहुंचे। यहां विवेकानंद एयरपोर्ट में पार्टी कार्यकर्ताओं एवं उनके समर्थकों ने जोश के साथ उनका स्वागत किया। स्वागत करने वालों में राजिम नगर पंचायत अध्यक्ष के प्रतिनिधि जितेंद्र सोनकर समर्थकों के साथ शामिल थे।

# सरकारी कार्यालयों स्कूल-कॉलेज सहित अन्य स्थानों पर लगाए जाएंगे पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

## कलेक्टर ने समय सीमा की ली बैठक



कलेक्टर डा. गौरव सिंह ने सोमवार को समय सीमा की बैठक ली। इस बैठक में उन्होंने जिले में विश्वविद्यालय, कॉलेज, स्कूल सहित अन्य स्थानों पर ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को कहा कि इन जगहों पर ज्यादातर बबूल वृक्ष के पौधे लगे हुए हैं। इनकी कटाई कराकर उनकी जगह बड़े पेड़ों का रोपण किया जाए। इसके साथ ही उन्होंने स्कूल, कॉलेज एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में पानी की सुविधा सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए।

**बारिश से पूर्व नाली-नालों की सफाई कराने दिए निर्देश**

कलेक्टर ने अधिकारियों को बारिश के पूर्व नाली-नालों की साफ-सफाई कराने के भी निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने आंधी, तूफान की स्थिति में सभी एसडीएम, बिजली विभाग के अधिकारी व जिला स्तरीय अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र का निरीक्षण करने के लिए कहा है ताकि संबंधित विभाग के अधिकारी को जानकारी उपलब्ध कराया जाए। इससे बिजली संबंधी समस्या का निराकरण तत्काल होगा। इसके अलावा उन्होंने बारिश के सीजन में मौसमी बीमारियों को देखते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देश दिए कि अस्पतालों में दवाओं की उपब्धता सुनिश्चित रखने के साथ डॉक्टरों को अलर्ट रखें। कलेक्टर ने बैठक में जिला स्तरीय के सभी अधिकारी-कर्मचारियों को निर्धारित समय पर कार्यालय पहुंचने के भी निर्देश दिए।उन्होंने कहा कि समय पर बिना सक्षम अनुमति के अनुपस्थिति की स्थिति में संबंधित कर्मचारियों पर कार्रवाई की जाएगी। बैठक में नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप, एडीएम कीर्तिमान राठौर सभी अनुविभागीय अधिकारी समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# जोगीडीपा के युवाओं ने किया रक्तदान





हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

राजिम विधायक रोहित साहू के जन्मदिन पर सरपंच छुईहा गजेश्वर सिन्हा के साथ पंच, बुथ कार्यकर्ता, महिला समूह ने शुभकामनाएं दी। युवाओं द्वारा वृक्षारोपण किया गया। राजेन्द्र यादव जोगीडीपा एवं उनके साथी ने रक्तदान किया। इस दौरान सरपंच छुईहा गजेश्वर सिन्हा, पूर्व सरपंच विद्या देवी सिन्हा, भाजपा बुथ अध्यक्ष छुईहा मोतीराम तारक, रामनारायण सिन्हा रामलाल ध्रुव, कृपाल सिन्हा, भागीरथी सिन्हा, टिकेंद्र सिन्हा, परदेशी सिन्हा पंच, उखराज सिन्हा, जेठु यादव, शिवकुमार यादव, कोमल ध्रुव, महेश टेलर्स, पुरानसिंग, चैतराम ध्रुव, जितेन्द्र कुमार सिन्हा, दुर्गा यादव जमाही, रामलाल यादव, परमेश्वर गंधर्व, डॉ. ताराचंद साहू, राजकुमार यादव, बलीराम साहु, राकेश साहु, प्रहलाद देवांगन, प्रदीप साहु, भीखम साहु, सालिक देवांगन, परमेश्वर दीवान, उमेंद ध्रुव, भागवत सिन्हा, ईतवारी सिन्हा, ललीत सिन्हा, अभय राम सिन्हा, पुरषोत्तम सिन्हा, संजय सिन्हा, नुतन मनोज पटेल, रेवा, पंच कमला सिन्हा पंच, सिमा ध्रुव पंच, कुमारी सिन्हा पंच, पार्वती सिन्हा, निर्मला निर्मलकर, कमला सिन्हा, चेमीन, प्रेमीन सिन्हा, टिकेश्वरी सिन्हा, खेमीन दिवान, मोहनी ध्रव, ईश्वरीय बंजारे, लोकेश्वरी साहू, हेमलता वर्मा, झामिन साहू, पुष्पा कवंर, रामेश्वरी सिन्हा छुईहा, रेखराज बंजारे चरौदा जमाही जोगीडीपा शामिल हैं।

### बोड़की में रक्तदान शिविर का किया गया आयोजन

छुईहा बेलरर। ाजिम विधायक रोहित साहू के 44 वां जन्मोत्सव पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।



जिसमें रक्तदान करने वालों को प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। इस दौरान सरपंच बोड़की रामजी साहू, उपसरपंच नेतराम सिन्हा, वेदराम साहू, भोजराम साहू जोहत ,बरसन पटेल, चमेली, लक्ष्मी, कसुम, सावित्री, नेतराम सिन्हा, सुदर्शन, लोकिन, हेमिन, फत्तू दिवान, वेदराम ,चुम्मन, ओमकार, थन्नू साहू, गोवर्धन यादव, किशोरी, चित्ररेखा, मिलाऊ, हेमलाल, मैतू कमार, छवि यादव ,राजेन्द्र यादव, गोपाल साहू, तोरण साहू, दीनबंधु सहित भाजपा कार्यकर्ता, महिला समूह, पंचायत सदस्य उपस्थित थे।

## कांग्रेस संगठन पर लगे अनियमितता के आरोप, हाईकमान को भी दी जानकारी

# हार के बाद समीक्षा की मांग, संगठन में फेरबदल की भी सुगबुगाहट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



लोकसभा चुनाव में छत्तीसगढ़ को मिली करारी हार के बाद कांग्रेस के नेता हार की समीक्षा की मांग उठाने लगे हैं। चुनाव में प्रत्याशी चयन से लेकर अन्य मामलों में पहले भी नाराजगी सामने आई थी। हार के बाद अब वरिष्ठ नेताओं ने कई लोकसभा में बाहर से प्रत्याशी उतारे जाने और स्थानीय लोगों को दरकिनार करने का मुद्दा बना लिया है।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी में फेरबदल की सुगबुहाट शुरू हो गई है। प्रदेश प्रभारी और कांग्रेस हाईकमान को चुनाव के समय कांग्रेस पदाधिकारियों ने पत्र लिखकर संगठन में अनियमितता सहित कई मामलों से अवगत कराया था। प्रदेश में कांग्रेस सत्ता में रहते हुए यहां पर विधानसभा चुनाव हारी। अब लोकसभा चुनाव हारने के बाद प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कामकाज पर भी उंगली उठ रही है। लोकसभा चुनाव को लेकर संगठन की ओर से कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेताओं को अपने ही प्रत्याशियों पर टिप्पणी किए जाने पर पार्टी से निलंबन और निष्कासन की कार्रवाई की गई थी। कई कांग्रेस नेताओं को नोटिस जारी किया गया, वे पार्टी ही छोड़ कर चले गए। ऐसे में लोकसभा चुनाव में कार्यकर्ता काम करने को तैयार नहीं थे। दूसरे जिलों के कार्यकर्ताओं को ले जाकर चुनाव प्रचार किया गया। स्थानीय लोगों ने वहां पर पार्टी के विरुद्ध कार्य किया जिसके कारण पार्टी को हार का सामना करना पड़ा।

### संगठन में होंगे फेरबदल

छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव के ढाई माह पहले ही प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम को बदलकर दीपक बैज को कमान दी गई। पुरानी कार्यकारिणी के आधार पर उन्होंने पार्टी को आगे बढ़ाने का काम किया पर वे चुनाव हार गए। अब भी कांग्रेस संगठन की पूरी कार्यकारिणी नहीं बन पाई है। वहीं हाल कांग्रेस के अन्य विभागों का है जहां पर खींचतान के चलते लोगों में उत्साह नहीं है। दो चुनाव में करारी हार के बाद प्रदेश कांग्रेस संगठन में ऊर्जावान लोगों को आगे बढ़ाने की जरूरत महसूस की जा रही है।

### प्रभारी पर लगे आरोप

विधानसभा चुनाव के दौरान कई विधायकों की टिकट कटने के बाद प्रदेश कांग्रेस प्रभारी और प्रभारी सचिव पर खुलकर आरोप लगाए गए। इस आरोपों के चलते कई लोगों को पार्टी से निष्कासित कर दिया गया। इन सभी ने पार्टी से किनारा कर लिया। कुछ लोगों ने अपने आरोप वापस लेते हुए माफी मांगकर लोकसभा चुनाव के समय अपने निष्कासन को वापस करा लिया। आरोपों के चलते नए प्रभारी सचिन पायलट बनाए गए पर वे पार्टी में जोश भरने में असफल रहे। चुनाव के बाद अब कांग्रेस को गति देने में असफल रहे।

# बलौदाबाजार हिंसा भाजपा सरकार की नाकामी : महंत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



छत्तीसगढ़ विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डॉ.चरणदास महंत ने बलौदा बाजार हिंसा को सरकार की नाकामी और प्रदेश की लचर क़ानून व्यवस्था का प्रमाण बताया है। उन्होंने कहा, प्रदेश की राजधानी रायपुर से लगे जिले में यह घटना चिंताजनक है। धर्म स्थली अमर टापू की घटना निंदनीय है। घटना से नाराज़ लोग न्याय की मांग को लेकर धरने पर थे। राज्य शासन-प्रशासन ने अगर समय पर आवश्यक कदम उठाए होते, तो आज नाराज़गी को इस हद तक जाने से रोका जा सकता था। सरकार सतनाम समाज की मांग अनुसार इस पूरी घटना की जांच कराये। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि मैं समाज के लोगों से शांति बनाए रखने की अपील करता हूं। सतनाम समाज बाबा घासीदास के बताए शांति और सद्भाव के रास्ते पर चलने वाला समाज है।

- घटना प्रदेश की लचर क़ानून व्यवस्था का प्रमाण : डॉ महंत

हरिभूमि
रत्न भूमि
रायपुर, बुधवार, 12 जून 2024

तापमान
अधिकतम 38.0 डिग्री
न्यूनतम 27.0 डिग्री



एनएसयूआई ने नीट परीक्षा रिजल्ट में धांधली को... 12



मानिकपुरी पनिका कोसरिया समाज की... 12



## खबर संक्षेप

### पोल्ट्री फार्म में सोए युवक और उसकी मां से मारपीट

**महासमुंद।** खदरही नवाडीह के पोल्ट्री फार्म में सो रहे लड़के के साथ देर रात दो लोगों द्वारा मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। इस घटना को लेकर लड़के के पिता ने बागबाहरा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस को शोभाराम साहू पिता रत्थूराम साहू ने बताया कि वह चुरूपाली थाना तेंदूकोना का रहने वाला हूं और गुप्ता पोल्ट्री फार्म खदरही नवाडीह में अपने परिवार के साथ रह कर देखरेख का काम करता है। 9 जून को खाना खाने के बाद मैं और मेरी पत्नी अपने कमरे में सोने चले गये, बाहर पुत्र दिनेश साहू मोबाइल पर ग्राम कौंसरा के लेखराज साहू बात कर रहा था। इसके बाद रात करीबन 1 बजे पोल्ट्री फार्म के बाहर से आवाज देकर दरवाजा को खटखटाने पर उठकर देखा तो रिश्तेदार लेखराज साहू अपने दोस्त के साथ बाहर खड़ा था। इसके बाद लेखराज ने अंदर आकर कमरे में सो रहे मेरे पुत्र को उठाया और उससे गाली गलौज करते हुए हाथ मुक्का एवं डंडा से मारपीट करने लगा, जिसे देख मैं और पत्नी पार्वती साहू बीच बचाव करने लगे, इसके बाद मेरी पत्नी पार्वती साहू मारपीट करता देख कर गांव के तरफ गई।
इस मारपीट से मेरे पुत्र दिनेश साहू के चेहरे, दाहिने हाथ, दाहिने कंधे, दांये पैर व मेरी पत्नी के बाएं भुजा एवं दोनों कंध में चोट आई है। पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 323, 34, 427, 452 के तहत अपराध दर्ज किया है।

### बाइक ने कार को मारी टक्कर

**महासमुंद।** तहसील ऑफिस के पास एक कार को बाइक ने टक्कर मार दिया। प्रार्थी मनजीत सिंह कौशल पिता जेधिया कौशल (71) ने पुलिस को बताया कि बाइक सीजी 06 एचए 0752 के चालक ने अपने वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए उसकी कार को टक्कर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। पुलिस ने मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 279, 337 के अंतर्गत जुर्म दर्ज किया है।

### शराब की अवैध बिक्री दो के खिलाफ कार्रवाई

**महासमुंद।** बसना पुलिस ने ग्राम पंडरीपानी में शराब की अवैध बिक्री के मामले में दो लोगों के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस ने आरोपियों गनपत बरिहा पिता तिहारू बरिहा (40 साल) और नम्मु लाल यादव पिता स्व. बैसाखू यादव (50 साल) निवासी पंडरीपानी बसना के कब्जे से क्रमशः 3000 एमएल व 4000 एमएल शराब कुल 1400 रुपए की शराब जब्त की है। आरोपियों के खिलाफ धारा 34 (1) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### 45 हजार का गांजा जब्त

**महासमुंद।** ग्राम रेहटीखोल में सिंघोड़ा पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 3 किलो गांजा जब्त किया है। मामले में आरोपी के खिलाफ नारकोटिक एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया गया। एनएच 53 रेहटीखोल में पुलिस ने प्रशांत सुल्तानिया पिता देवनारायण (37 साल) निवासी वार्ड 12 भोजपुर चांपा के कब्जे से तीन किलो गांजा कीमत 45000 रुपए, एक बाइक कीमत 60000 रुपए, एक मोबाइल कीमत 10000 रुपए और नगद 1200 रुपए जब्त किया गया। आरोपी के खिलाफ धारा 20 बी नारकोटिक एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### मौसम का मिजाज बदला, शाम को बूंदाबांदी

**महासमुंद।** नगर में मौसम ने एक बार फिर करवट बदली है। मंगलवार शाम को हुई बारिश ने लोगों को गर्मी से कुछ राहत दी है। वैसे सुबह से ही लोग तेज गर्मी से जूझते रहे। लेकिन, दोपहर बाद शहर में बारिश हुई। मौसम विभाग की माने तो शाम से रात तक प्रदेश के 6 जिलों में बारिश को लेकर अलर्ट भी जारी कर दिया गया है।

# नायक समाज के 42 परिवारों ने श्रमदान कर बनाया तालाब, बरसात में करेंगे पौधारोपण

## तालाब के किनारे फूल व पीपल, महुआ, बरगद के लगाएंगे पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा





■ तालाब निर्माण को 3 एकड़ से बढ़ाकर 5 एकड़ किया जाएगा

ग्राम मोंगरा के नायक समाज के लोगों ने समाज के लिए एक आदर्श प्रस्तुत किया है और पूरे समाज के लोगों ने श्रमदान कर तालाब निर्माण किया है एवं यह जगह लगभग 5 एकड़ में फैला हुआ है। वर्तमान में 3 एकड़ में तालाब निर्माण किया गया है इसे भविष्य में बढ़कर 5 एकड़ किया जाएगा एवं बरसात में इस तालाब के किनारे फूल एवं पीपल, महुआ, बरगद के पेड़ का पौधारोपण किया जाएगा। इस संबंध में समाज के रामचंद्र नायक ने बताया कि यह प्रेरणा हमारे बुजुर्गों की है पहले हम लोग देखे और सुनते थे कि समाज के द्वारा तालाब, बगीचा आदि बनाया जाता था जिसे समाज के नाम से जाना जाता था, इसी उद्देश्यों को लेकर मोगरा के लगभग 42 परिवार के लोगों ने तय किया है कि बुजुर्गों के मार्गदर्शन पर एक तालाब निर्माण किया जाए जो सभी के लिए एक आदर्श स्थापित करें और सभी को प्रेरणा दे। इसी उद्देश्य को लेकर बिना किसी सहयोग के तालाब का निर्माण किया गया है, तालाब का पार इतना चौड़ा है कि उस पर चार पहिया गाड़ी आसानी से ले जाया जा सकता है उन्होंने कहा कि इसमें समाज की सभी लोगों ने पर चढ़कर भाग लिया। यह एक अनुकरणीय पहल है जो नायक समाज ने तालाब बनाकर एक आदर्श प्रस्तुत किया प्रमुख रूप से रामचंद्र नायक, ▶▶| शेष पेज 10 पर

## तैयारी : वार्ड परिसीमन करने शासन ने कलेक्टर को दिए निर्देश

# गरियाबंद नपा सहित छुरा, फिंगेश्वर, राजिम नगर पंचायत कोपरा में होगा वार्ड परिसीमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

2023 के आखिरी महीने में विधानसभा और फिर साल 2024 की शुरुआत में ही लोकसभा चुनाव संपन्न होने के बाद अब प्रदेश में नगरीय निकाय चुनाव की तैयारियां शुरू हो गई हैं। शासन के निर्देश के मुताबिक जिले के नगर पालिका गरियाबंद नगर पंचायत छुरा नगर पंचायत राजिम नगर फिंगेश्वर और वर्ष 2024 में अस्तित्व में आए नगर पंचायत कोपरा में नगरीय निकाय चुनाव इसी साल के नवंबर- दिसंबर माह में होना संभावित है। इसके लिए वार्ड परिसीमन करने शासन ने निर्देश जारी कर दिए है। इसी साल अस्तित्व में आए नगर पंचायत कोपरा में प्रारंभिक अवस्था में परिसीमन किया जाना है। चुनाव से पहले प्रदेश के सभी शहरों के वार्डों का जनसंख्या के हिसाब से परिसीमन किया जाएगा। ज्यादा आबादी वाले वार्डों के वोटर्स का पास की कम आबादी वाले वार्डों में समायोजन होगा। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने प्रदेश के सभी कलेक्टर्स को वार्डों के परिसीमन करने का आदेश जारी कर दिया है। इस आदेश में वार्डों के परिसीमन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

अलग खबर




### आबादी के हिसाब से किया जाएगा परिसीमन

विधनसभा और लोकसभा चुनाव के बाद नगरीय निकाय चुनाव की तैयारियां शुरू हो गई है। चुनाव से पहले प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में वार्डों का आबादी के हिसाब से परिसीमन किया जाएगा। ज्यादा आबादी वाले वार्डों के वोटर्स का नजदीक के कम आबादी वाले वार्डों में समायोजन किया जाएगा। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग मंत्रालय ने प्रदेश के सभी कलेक्टरों के नाम वार्डों के परिसीमन करने का आदेश जारी किया है। इस आदेश में वार्डों के परिसीमन के लिए जरुरी दिशा निर्देश दी गई हैं।




### परिसीमन की कार्रवाई जल्द पूरा करें

उल्लेखनीय है कि प्रत्येक वार्डो की जनसंख्या में हुई वृद्धि को दृष्टिगत रखते हुए नये सिरे से वार्डों का परिसीमन किया जाएगा। परिसीमन के बाद वार्डों के आरक्षण की प्रक्रिया शुरू होगी। विभाग ने कलेक्टर्स को नगरीय निकायों के वार्डों के परिसीमन की कार्यवाही यथा शीघ्र सम्पन्न करने को कहा है, ताकि नगरीय निकाय चुनावों की समय-सीमा से पहले मतदाता सूची तैयार किया जा सके। कलेक्टरों को जारी पत्र में नगरीय प्रशासन विभाग के सचिव ने लिखा है कि राज्य के नगरीय निकायों का आम निर्वाचन नवम्बर-दिसम्बर में होना है। छत्तीसगढ़ नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 10 की उपधारा (3) तथा छत्तीसगढ़ नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 29 की उपधारा (3) अनुसार वार्डो की रचना इस प्रकार से की जाएगी कि प्रत्येक वार्ड की जनसंख्या पूरे निकाय क्षेत्र में यथासाध्य एक जैसी होगी तथा वार्ड में सम्मिलित क्षेत्र संहृत क्षेत्र हो। जनगणना निदेशालय द्वारा जनगणना 2011 के जनसंख्या संबंधी आंकड़ो का प्रकाशन किया जा चुका है, प्रत्येक वार्डो की जनसंख्या में हुई वृद्धि को दृष्टिगत रखते हुए नये सिरे से वार्डो का परिसीमन किया जाना आवश्यक हो गया है।

# खरीफ फसल की तैयारी में जुटे किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

क्षेत्र में मानसून के नजदीक आते ही अब अंचल के ट्यूबवेल की सुविधा वाले किसान अपने खेतों में खरीफ़ फसल की बुआई शुरू कर दिया है। किसान खेतों की साफ-सफाई के बाद अब ट्यूबवेल से खेतों पर पानी छोड़ रहे हैं। ट्रैक्टर व रोटोवेटर से जोताई व मताई करने के बाद रोपाई के लिए बीजों का छिड़काव किसान कर रहे हैं। अच्छी पैदावार के लिए हाईब्रिड धान, सरना, 1001, महामाया, छोटा किस्म में हजार 10 ,1156 ,भाटा एचएमटी , सिल्की, मंजू गोल्ड जैसे धान बीजों की मांग अधिक होती है। इस क्षेत्र में ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष भीमसेनी एकादशी के पहले अधिकांश किसान रोपा के लिए खेत पर बीज डालना शुरू कर देते हैं। बिना ट्यूबवेल वाले किसान अपने खेतों में गोबर खाद भी डालना शुरू कर दिया है। साथ ही किसान अपने खेत की साफ-सफाई एवं मेड पार में जगे कांटों के साथ ही खरपतवार को जलाकर नष्ट कर रहे हैं। इन दिनों क्षेत्र के किसानों ने सोसायटी से मिलने वाले बिना ब्याज के नगद राशि और खाद में डीएपी, यूरिया, पोटाश,सुपर फास्फेट के साथ धान बीज का उठाव भी होने लगा है। किसान डी आर यादव, धनेश ठाकुर, लोकराम यादव, सीता राम यादव, नोहर ठाकुर, कामता ध्रुव,मया राम ठाकुर ने बताया कि 15 साल पहले जब नागर के भरोसे किसानी करते थे तो जेष्ठ माह से ही क्षेत्र किसान हल द्वारा खुर्रा बोनी की शुरुआत किया जाता था। मगर आज मशीनरी युग में किसान ट्रैक्टर के भरोसे रहते हैं। और यहां भी देखने को



मिलता है आज कोई भी किसान खुर्रा बोआई करते देखने को नहीं मिलता है। पहले किसान आषाढ़ माह तक अपना बोआई पुरा कर लेते थे, अब तो कृषक सावन माह तक बोआई करते देखा गया है। आज के बच्चों को नागर क्या होता है पुछोगे तो वहां बता नहीं पाएगा। क्योंकि जब इस दुनिया में आया है तब से नागर, गाड़ी बैल देख नहीं पाया है। आज तो लोग रासायनिक खाद, कई प्रकार के दवाईयां छिड़काव से हर वर्ष खेतों की 10 प्रतिशत उर्वरक शक्ति खत्म होने लगा। आने वाले दिनों में खेतों की जोताई जेसीबी से ना करना पड़े। क्योंकि खेतों की मिट्टी इतना कठोर होते जा रहा जो टैक्टर जोताई कर नहीं पाऐगा।

# शिक्षक दुष्यन्त हुए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा

विश्व भ्रष्टाचार निरोधक जन परिषद एवं ग्लोबल ह्यूमन राइट्स फाउंडेशन ने 9 जून को साउथ एवेन्यू इंदौर में देश विदेश के उत्कृष्ट सेवा कार्य जैसे शिक्षा खेल समाजसेवा पत्रकारिता, लेखन कला साहित्य योग चिकित्सा आदि प्रतिभाओं को चयनित कर सम्मानित किया गया। इस अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करने वाले वाले शिक्षक दुष्यंतकुमार वर्मा और डॉक्टर मुन्नालाल देवदास राष्ट्रपति पुरस्कृत शिक्षक को शिक्षा साहित्य कला संस्कृति क्षेत्र में अद्वितीय काम करने के लिए अटल सेवा रत्न से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अतिथि चेयरमेन डायरेक्टर मध्य प्रदेश इलेक्ट्रानिक्स डेव्लपमेंट कार्पोरेशन शैतान सिंह पाल,




अध्यक्ष इंटरनेशनल पुलिस फोरम इंटर गर्वमेंटल आर्गेनाइजेशन यूएसए प्रतिनिधि डॉक्टर जसबीर सिंह, काठमांडू नेपाल से फिल्म डायरेक्टर डॉक्टर डीआर उपाध्याय, मुंबई हाईकोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता चंद्रशेखर शर्मा के साथ ही सेलीब्रिटी गेस्ट बालीवुड के प्रख्यात अभिनेता विन्दू दारा सिंह एवं रंजीत जी आदि की उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन अभिनेता राहुल चेलानी द्वारा किया गया। सभी का आभार डॉक्टर विजय डी बजाज द्वारा किया गया।

# भगवान सत्यनारायण की शोभायात्रा का जगह-जगह हुआ स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

कंसारी समाज द्वारा स्थापित भगवान श्री सत्यनारायण मंदिर में भगवान की मूर्ति स्थापना का 75वीं वर्षगांठ कंसारी समाज व श्री सत्यनारायण मंदिर कमेटी के तत्वावधान में बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सुबह 4 बजे प्रभात फेरी निकाली गई। मंदिर में भगवान को पंचामृत स्नान ,अभिषेक मंदिर के पुरोहित पंडित भागवत प्रसाद मिश्रा द्वारा कराया गया। भगवान श्री सत्यनारायण का अलौकिक व आकर्षक श्रृंगार किया गया। विष्णु सहस्त्रनाम के पाठ के साथ ही सुबह 6 बजे मंगला आरती की गई। भगवान श्री सत्यनारायण की शोभायात्रा मंदिर से सुबह 8 बजे निकाली गई जो नगर के प्रमुख मार्ग गंज रोड से इंदिरा मार्केट, सदर रोड होते हुए कुम्हारपारा, सुभाष चौक, बस स्टैंड, मां काली मंदिर, कृषि उपज मंडी, पंजवानी चौक होते हुए वापस 11:30 बजे मंदिर पहुंची। शोभायात्रा के आगे-आगे भगवान श्री सत्यनारायण जी की





झांकी के साथ ही भगवान विष्णु व लक्ष्मी की जीवंत झांकी चल रही थी। समाज के महिलाओं एवं पुरुषों की भजन मंडली के साथ ही सारंगढ़ बरमकेला से आई हुई लिंजीर संकीर्तन मंडली के कलाकार नाचते गाते हुए उड़िया गीतों की शानदार प्रस्तुति दी। इस मंडली में कुल 30 सदस्य थे जो आकर्षण का केंद्र रहा। भगवान श्री सत्यनारायण की शोभायात्रा का जगह-जगह पूजा-अर्चना शहरवासियों तथा नगर के विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा स्वागत किया गया। शीतल पेय की भी व्यवस्था की गई थी। क्षेत्र की जानी मानी सामाजिक व धार्मिक संस्था श्री सालासर सुंदरकांड जनकल्याण समिति व हनुमान चालीसा समिति के संस्थापक राजू काबरा के नेतृत्व में शीतल पेय पानी पाउच का वितरण किया गया। श्री सत्यनारायण महाप्रभु की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर अखंड रामायण का पाठ किया गया। केपीएल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसके साथ ही रक्तदान व नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन हुआ। जिसमें नगरवासियों ने भरपूर सहयोग प्रदान किया। 75 वें वार्षिकोत्सव के समस्त कार्यक्रमों को सफल बनाने में नगर कंसारी समाज, महिला संगठन,श्री सत्यनारायण मंदिर कमेटी, श्री सत्यदेव युवा संगठन समिति, महिला मंडली, भजन मंडली के सभी सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा।

## सड़कों पर सुबह 11 बजे से ही छाया रहा सन्नाटा

# तेज धूप और भीषण गर्मी से जनजीवन अस्त-व्यस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

■ बदहाल बिजली व्यवस्था ने किया परेशान

नौतपा में इस वर्ष भीषण गर्मी के बाद भी मैनपुर क्षेत्र में लोग तेज धूप और गर्मी से बेहद परेशान हो गये हैं। मुख्यालय मैनपुर में इन दिनों चल रहे गर्मी के तीखे तेवर व बढ़े तापमान से लोगों के स्वास्थ्य पर गहरा प्रभाव पड़ रहा है व बढ़ी गर्मी के साथ- साथ लोगों का जनजीवन पूरी तरह से अस्त व्यस्त हो गया है। सड़कों पर सुबह 11 बजे से ही सन्नाटा सा पसरा रहता है गांवो व नगर मे गर्मी के व्यापक स्वरूप के कारण कर्फ्यु जैसा महौल देखने को मिलता है। गर्मी के चलते कूलर, पंखा भी गर्मी को दूर करने के लिए नाकाम साबित हो रहे है जिसके बावजूद गर्मी के भयानक ताप को देखते कूलर, पंखा, एसी की मांग बाजारो मे बढ़ गई है।



मंगलवार को पारा 40 डिग्री तक व्यापक स्वरूप मे रहा। लोग नरम कपड़ो व गमछो का सहारा लेते चेहरे को पूरी तरह ढके नजर आते है एवं गर्मी से बचने के लिए इससे तरह- तरह के उपाय कर रहे है।

विद्युत व्यवस्था के समय बे समय बंद हो जाने से लोगों की परेशानी लगातार बढ़ रही है जहां इस गर्मी में बिजली गुल की समस्या ने भी लोगों को परेशान कर रखा है किसी भी समय यहां घंटों बिजली बंद हो जाना आम बात हो गई है। बिजली बंद हो जाने से पंखा कूलर नहीं चल पाते जिससे लोग बेचैन हो रहे हैं, लेकिन बिजली व्यवस्था को दूरूस्त करने की विभाग द्वारा किये जा रहे प्रयास देखने को नहीं मिल रहा है। वहीं इस बढ़ती भीषण गर्मी के चलते बड़े बुजुर्गों व बच्चों में उल्टी, दस्त, बुखार, लू सहित मौसमी प्रकोप की शिकायत तेजी से बढ़ रही है, निजी सहित शासकीय स्वास्थ्य केन्द्रों में मरीजों की संख्या में भी इजाफा होने लगा है जिससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि गर्मी से पूरे अंचल में एक तरह की भयावह वातावरण निर्मित है।

### तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से स्कूटी सवार लड़की घायल

**महासमुंद।** नगर के बीटीआई रोड स्थित एक मॉल के सामने स्कूटी को तेज रफ्तार बाइक ने ठोकर मार दिया। घटना में स्कूटी सवार युवती घायल हो गई। पुलिस ने आरोपी बाइक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। पुलिस से दर्ज कराई गई शिकायत में चांदनी साहू पिता रघुबरराम साहू निवासी वार्ड नं 29 शास्त्री चौक भलेसर रोड महासमुंद ने बताया कि 8 जून को मै अपने स्कूटी क्रमांक सीजी 04 एमआर 6090 से अपनी बडी बहन बैजंती साहू के साथ मौहारीभाठा से निजी काम के बाद वापस अपने घर लौट रही थी। सुबह करीब 10।30 से 11बजे के बीच जैसे ही वह बीटीआई रोड स्थित विशाल मेगामार्ट के पास पहुंची तभी बरोंडा चौक की ओर से एक मोटर सायकल सीजी 04 केपी 0967 के चालक ने विपरीत दिशा में तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुए सामने से बाइक को लाकर मेरे स्कूटी को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया।

पाठक सूचना
गरियाबंद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9993223300, 8370049468

## खबर संक्षेप

### नशे के खिलाफ पुलिस का निजात पहल

**नवापारा-राजिम।** छत्तीसगढ़ पुलिस की महत्वपूर्ण पहल निजात जो आजकल शहर में चर्चा एवं प्रशंसा का विषय बना हुआ है। पहली बार पुलिस प्रशासन द्वारा नशे के खिलाफ एक सामाजिक पहल रंग लाती दिख रही है। स्थानीय पुलिस न केवल नगर के चौक-चौराहों, गलियों में निजात के पोस्टर लगा रही है बल्कि नगर के स्थानीय जनप्रतिनिधियों के सहयोग से युवाओं को समझाने का काम भी कर रही है। नशा एक बहुत बड़ा व्यसन है जो लोगों को दीमक की तरह खा रही है। खासकर युवा वर्ग नशे की गिरफ्त में आ चुके है और यह प्रवृत्ति दिन ब दिन बढ़ती ही जा रही है। शहर के कई ऐसे प्वाइंट है जहां नशेड़ी किस्म के लोग शाम होने के बाद पूरे साजो सामान बॉटल में पानी, डिस्पोजल गिलास, पाऊच वाले चखना के साथ मिजाल्टी जमाते है। ऐसे स्थलो में पुलिस यदि पहुंचती भी है तो नशेड़ी युवक बैठे नही रहेंगे इसलिए उन्हें समझाने एवं नशे से होने वाले नुकसान के बारे में बता भी नही पाएंगे। पुलिस को देखते ही कौन युवक बैठा रहेगा? शहरवासियो ने पुलिस प्रशासन के इस पहल प्रशंसा किया है। आवश्यकता इस बात का भी है कि ये केवल पोस्टर या नशे के खिलाफ जागरूकता तक ही सीमित न हो। इसे जनआंदोलन के रूप में कॉलेज, स्कूलों तथा ग्राम पंचायत स्तर ले जाने की जरूरत है ताकि युवाओं को नशे से निजात मिल सके।

### एफएलएन प्रशिक्षण को ब्रेक कर आगे बढ़ाएं : रामनारायण

**राजिम।** छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ रायपुर संभाग के अध्यक्ष रामनारायण मिश्रा ने कहा कि राज्य के विभिन्न विकासखंडों में राज्य



शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद के तत्वावधान में प्राथमिक शाला के शिक्षकों के एफ एलएन प्रशिक्षण संचालित किया जा रहा है। गर्मी इतना अधिक है कि शिक्षकों के स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है जिसे देखते हुए ग्रीष्म अवकाश के पश्चात मौसम अनुकूल होने पर इस प्रशिक्षण की संशोधित समय सारणी जारी कर शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए। श्री मिश्रा ने बताया कि कई जिलों में प्रशिक्षण तिथि को आगे बढ़ाया गया है इसी तरह गरियाबंद जिला में भी इसे आगे बढ़ाकर पूरे प्रदेश में एक साथ होना चाहिए।

### पंडरीपानी में निर्माणधीन वैष्णो देवी मंदिर में गुंबद भराई अनुष्ठान 16 को

**नर्रा।** बागबाहरा विकासखंड के अंतिम छोर ओडिशा सीमा से लगे ग्राम पंडरीपानी के पर्रापाठ पहाड़ी पर मां वैष्णो देवी की मंदिर भव्य रूप से निर्माण किया जा रहा है। ज्ञात हो कि 16 जून रविवार को गंगा दशहरा पर निर्माणाधीन वैष्णो देवी मंदिर का गुंबद भराई का अनुष्ठान प्रातः 7 बजे से पूजा अर्चन के पश्चात प्रसादी वितरण होगा। श्रद्धालुओं के मनोरंजन के लिए छत्तीसगढ़ी भूले बिसरे नाच पार्टी मोंगरापाली स तेंदूकोना का कार्यक्रम होगा। इस निर्माणाधीन वैष्णो देवी मंदिर की गुंबद भराई अनुष्ठान में क्षेत्र के श्रद्धालुगण बड़ी संख्या में पहुंचकर भागीदारी बनने की अपील की है।

### श्रीमद भागवत कथा कल से

**महासमुंद।** स्थानीय बीटीआई रोड में 13 जून से 20 जून तक श्रीमद भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया गया है। कथावाचक पं शंकु स्वामी नुआपाड़ा ओडिशा होंगे। आयोजक चिंताराम देवांगन, गायत्री देवांगन, अनिता-प्रदीप देवांगन एवं सोनाली मधुराज देवांगन ने श्रद्धालुओं को बड़ी संख्या में कथा श्रवण करने का अनुरोध किया है।

### कार्य विभाजन आदेश में आंशिक संशोधन

**महासमुंद।** प्रशासकीय दृष्टिकोण से शासकीय कार्यां के सुचारू संपादन को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर प्रभात मलिक ने पूर्व में अधिकारियों के मध्य किए गए कार्य विभाजन आदेश में आंशिक संशोधन करते हुए अधिकारियों को दायित्व सौंपा है। कलेक्टर मलिक ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पिथौरा मनोज कुमार खांडे को डिप्टी कलेक्टर महासमुंद का दायित्व सौंपा है।

**आयोजन : जिला शिक्षा अधिकारी ने ली छुरा में संकुल समन्वयको की बैठक**

# शिक्षा के गुणवत्ता के साथ ना करें कोई समझौता, शिक्षक समय पर दें उपस्थिति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

**प्रशिक्षण में दिए कई निर्देश**





शिक्षा सत्र 2024 -25 विगत 18 जून से प्रारंभ होने वाली है। इसके लिए जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग ने कमर कस ली है। अकादमिक सत्र में शिक्षा गुणवत्ता में कसावट लाने के लिए जिला शिक्षा अधिकारी गरियाबंद एके सारस्वत, जिला सांख्यिकी अधिकारी श्याम चंद्राकर ने छुरा ब्लाक के संकुल समन्वयको की बैठक लेकर निर्देश दिये। समन्वकों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि शिक्षा के गुणवत्ता के साथ कोई समझौता नहीं होना चाहिए। सभी शिक्षक समय पर अपनी उपस्थिति प्रदान करें। इसकी विशेष ध्यान दिया जाए। उच्च कार्यालय से प्राप्त आदेशों एवं दिशा निर्देशों का कढ़ाई के साथ पालन हो। अकादमिक सत्र प्रारंभ होने से पहले जिला प्रशासन शिक्षा विभाग ने जमीनी स्तर के सभी अधिकारी कर्मचारी समन्वयकों को नई ऊर्जा के साथ काम करने के लिए प्रेरित किया। बैठक में चर्चा के प्रमुख बिंदु जिला शिक्षा अधिकारी गरियाबंद एके सारस्वत ने निम्न बिंदुओं पर सभी को निर्देश दिए जिसमें प्रमुख रूप से शिक्षा की गुणवत्ता, शाला प्रवेश उत्सव की तैयारी, मध्यान्ह भोजन के गुणवत्ता, शाला भवन परिसर की सफाई, रंग रोगन, पाठ्य पुस्तक वितरण, गणेश वितरण, निर्माण कार्य, यू-डाइस सत्यापन, शाला प्रबंधन समिति एवं शाला प्रबन्धन विकास समिति गठन, पीएम श्री योजना, विद्या समीक्षा केंद्र, साइकल क्रय, प्रशिक्षण, वृक्षारोपण, पोर्टल में अवकाश एंट्री, निशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा, आरटीई के तहत ड्रॉप आउट विद्यार्थियों की विगत 5 वर्ष की सूची सहित अन्य विभिन्न मुद्दों पर चर्चा किया गया। बैठक में प्रमुख रूप से सेजस प्राचार्य प्रदीप मिश्रा, संकुल समन्वयक विनोद सिंन्हा, संतोष साहू, योगेंद्र साहू, डीपी द्वेदी, असलम कुरैशी, शंकर यदु, योगेश साहू, झमेश्वर ध्रुव, कर्ण धनुधारी, संतराम कंवर, मनहरण यादव, जितेंद्र साहू, रणवीर कुर्रे, बालकृष्ण छेददया, नंदझरोख कुर्रे, त्रिलोक सेन, गिरवर ध्रुव, माधव ध्रुव, प्रेमनारायण ध्रुव, केशव विश्वकर्मा सहित विकास खंड के सभी संकुल समन्वयक उपस्थित थे।



## एनएसयूआई ने नीट परीक्षा रिजल्ट में धांधली को लेकर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

नीट परीक्षा में पेपर लीक और रिजल्ट में धांधली के विरोध में एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष रितेश दीक्षित के नेतृत्व गरियाबंद कलेक्टर दीपक अग्रवाल जी से मिलकर ज्ञापन सौंपकर नीट परीक्षा को रद्द करने की माँग की। एनएसयूआई ने एनटीए के इस नीट घोटाले की सीबीआई से जांच करवाई जाए और पेपर लीक हुआ है इसको तुरंत रद्द करके परीक्षा वापस करवाकर पीड़ित छात्रों को उचित न्याय की आवाज उठाई। साथ में वरिष्ठ कांग्रेसी प्रेम सोनवानी, प्रदेश सचिव अहसान मेमन, प्रदेश सचिव मुकेश भोई, जिला उपाध्यक्ष अनुराग चंद्राकर एवं पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## आदिवासी समाज को संगठित होने की जरूरत : विधायक ध्रुव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनक ध्रुव मैनपुर विकासखंड के ग्राम दबनई में आदिवासी समाज द्वारा बुढादेव सामुदायिक भवन के भूमिपूजन कार्यक्रम में पहुंचे इस दौरान आदिवासी समाज द्वारा उनका ऐतिहासिक स्वागत किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला पंचायत के सभापति श्रीमती लोकेश्वरी नेताम, आदिवासी समाज के प्रमुख गुजरात कमलेश, कन्हैया ठाकुर, तिहार सिंह टेकाम, सरपंच दबनई घनश्याम नागेश विशेष रूप से उपस्थित थे। इस दौरान विधायक जनक ध्रुव ने कहा आदिवासी समाज को पहले से और अधिक संगठित होने की जरूरत है। आदिवासी सामुदायिक भवन निर्माण के लिए विधायक मद से 5 लाख रूपये देने की घोषणा किया तो समाज जनो ने उनका जोरदार ताली बजाकर स्वागत किया। जिला पंचायत सभापति लोकेश्वरी नेताम ने कहा आदिवासी समाज की परंपरा और संस्कृति अलग है आज हमारे समाज के युवाओं को अपने समाज की संस्कृति और परंपरा को और अधिक जानने की जरूरत है। कार्यक्रम का संचालन ब्लॉक कांग्रेस महामंत्री गैन्दू यादव ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मकरन सिंह पुजारी, खिलेश टेकाम, सुकलाल, यश नेताम, मानसिंह, झुमुक लाल टेकाम, गुरूचरण, धनंजय, पदुलाल, चिंता नेताम, कमला बाई, पार्वती बाई, मालो बाई, तुलसी बाई, हेमा बाई, सुमित्र, राधिका, चांदनी मरकाम, खिलेश्वर, सुकलाल सहित आदिवासी समाज के बड़ी संख्या मे लोग उपस्थित थे।

## मानिकपुरी पनिका कोसरिया समाज की प्रदेश स्तरीय बैठक में शामिल हुए विधायक रोहित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा



मानिकपुरी पनिका कोसरिया समाज के तत्वाधान में प्रदेश स्तरीय बैठक राम जानकी मंदिर कोपरा जिला गरियाबंद में सम्पन्न हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि रोहित साहू विधायक राजिम विधानसभा क्षेत्र अध्यक्षता चंद्रशेखर साहू जिला पंचायत सदस्य क्षेत्र क्रमांक 03, विशिष्ट अतिथि कमल सिन्हा भाजपा मंडल अध्यक्ष राजिम योगेश्वरी साहू थे। अतिथियों द्वारा सद गुरु कबीर साहेब की आरती पूजा कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात राम जानकी भगवान की पूजा किया गया सभी अतिथियों का फाटकों की आतिशबाजी के साथ बड़ी धूमधाम से स्वागत किया गया और बसंती मानिकपुरी द्वारा स्वागत गीत गाकर स्वागत किया गया साथ ही मुख्य अतिथि का आर्शीवचन प्रदान किया गया। जिसमें विधायक द्वारा कबीर दास की कुछ दोहे निंदक नियरे राखिए आंगन कुटी छबाय, बिन पानी साबुन बिना निर्मल करे सुहाए के भावार्थ बताकर कबीर दास के द्वारा बताए गए मार्ग पर चलने के हम सभी को कहा गया और स्वयं को कबीर पंथी बताया। साहू ने चौका आरती, रहनी- गहनी पर विशेष महत्व बताया साथ ही मानिकपुरी पनिका समाज की कुछ मांगो को पूरा करने की बात कही। साथ ही पनिका जाति पर अनुसूचित जन जाति की श्रेणी में लगे बंधन से मुक्त करने की बात कही गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे श्री चंद्रशेखर साहू जी ने कबीर पंथ पर प्रकाश डालते हुए उनके कहे गए मार्ग पर चलने और मानिकपुरी समाज के लिए एक वाटर कूलर प्रदान करने की बात कही और मानिकपुरी पनिका कोसरिया समाज जिला गरियाबंद द्वारा रोहित साहू के जन्मदिवस को एक यादगार पल बनाने के लिए साहू द्वारा केक कटवाकर और जन्मदिवस की गीत गाकर सभी सामाजिक जनों द्वारा बधाई प्रेषित किया गया। रात्रि भोजन पश्चात मानिकपुरी पनिका कोसरिया समाज की प्रदेश स्तरीय बैठक सम्पन्न हुआ। जिसमें सर्व सम्मति से मानिकपुरी पनिका कोसरिया समाज के प्रदेश अध्यक्ष भेदू दास मानिकपुरी जिला गरियाबंद, उपाध्यक्ष लोकेश दास मानिकपुरी, कोषाध्यक्ष इराज दास महंत कांकेर, सचिव कमलेश दास मानिकपुरी बालोद, सहसचिव महंत रोशन दास मानिकपुरी जिला बेमेतरा नियुक्त किया गया और प्रदेश की कमान सौंपी गई। इस कार्यक्रम में जीवन दास सार्वा जिला अध्यक्ष धमतरी, शेखर दास मानिकपुरी जिला सचिव धमतरी, संतोष दास मानिकपुरी, कोमल दास मानिकपुरी, करण दास मानिकपुरी, शैलेन्द्र दास मानिकपुरी, बालक दास मानिकपुरी उपस्थित थे।

## शिविर में 60 रक्तवीरों ने किया रक्तदान





हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम



श्री सत्यदेव महाप्रभु के 75 वें वार्षिकोत्सव के उपलक्ष्य में श्री सत्यदेव युवा संगठन एवं महानदी ब्लड बैंक, कंसारी समाज द्वारा सत्यनारायण मंदिर प्रांगण में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। आयोजन में कुल 60 रक्तवीरों ने भाग लिया जिसमें महिलाएं भी शामिल थी। रक्तदान करने वालों ने कहा कि हम किसी जरूरतमंद की मदद कर सकते है तो हमें रक्तदान अवश्य करना चाहिए। शिविर को सफल बनाने में महानदी ब्लड बैंक के भावेश साहू, मनीष मिश्रा, नूतन भारती, तेज यादव, करन साहू, सूर्यकांत वर्मा, मोहित वर्मा, सत्यदेव युवा संगठन, कंसारी समाज संगठन, मंदिर कमेटी, महिला संगठन शिक्षा विकास समिति व भजन कीर्तन मंडली का प्रमुख योगदान रहा। समाज के अध्यक्ष सहदेव कंसारी ने आभार व्यक्त किया।

## गुरुद्वारा में बांटा गया शरबत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

सिंधु समाज के सदगुरू सेवा मंडल द्वारा गुरु अर्जन देव शहीदी दिवस पर गुरुदेव को याद करते हुए ज्ञानी ने बताया कि गुरु अर्जन देव जी को गर्म तवे पर बिठाया गया था। उनके ऊपर गर्म रेत डाली जा रही थी 4 दिनों तक एक बूंद पानी नहीं पी लेकिन उनके मुख से केवल यही सुनाई दे रहा था तेरा भाड़ा मीठा लागे। इस अवसर पर बांटने की सेवा की गई। जिसमें गुरुनानक दरबार के सेवादारी वीरभान ज्ञानचंदानी, सुनील ज्ञानचंदानी, राम ज्ञानचंदानी, महिला सेवादारी पूनम ज्ञानचंदानी, पुष्पा गनवानी, ज्योति नागवानी, ऊषा नागवानी, दीपा राजपाल, कविता इसरानी, मधु खुराना, मनीषा सचदेव, अदिति सचदेव, कविता अठवानी, चांदनी रावलानी, पूजा नागवानी, आशा एशानी, महक अठवानी, महक तलरेजा, प्रीति बुधवानी, प्रिया नारवानी, भावना सचदेव, अनिल सचदेव, दिनेश छाबड़ा, राम चंद नागवानी, लक्की कुकरेजा, अर्श, गौतम का शानदार सहयोग रहा। समाज के वरिष्ठजन अनिल जगवानी, धनराज मध्यानी, ज्ञानचंद लालवानी, गोबिंद राजपाल ने सतगुरु सेवादल का उत्साह वर्धन किया और गुरु अर्जन देव को कोटि-कोटि नमन किया।

**स्वच्छ हरित ग्राम सप्ताह का विशेष आयोजन प्रारंभ**

# जिला पंचायत सीईओ ने चल रहे कार्यों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर







भारत सरकार द्वारा गांवो में पर्यावरण प्रबंधन को बढ़ावा देने के लिए महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत 5 से 12 जून तक स्वच्छ हरित ग्राम सप्ताह का आयोजन करने हेतु निर्देशित किया गया। जिला कलेक्टर के निर्देश पर एवं जिला पंचायत गरियाबंद के मार्गदर्शन एवं परिपालन में विकासखंड फिंगेश्वर के समस्त ग्राम पंचायतो में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। कार्यो का निरीक्षण के लिए जिला पंचायत सीईओ रीता यादव फिंगेश्वर ब्लाक के ग्रामों में पहुंची और कार्यों को लेकर ग्रामीणों से चर्चा की। वहीं पर कार्यो को गति देने निर्देशित किया। ग्राम पंचायतों के कचरे से कम्पोस्ट खाद अपशिष्ट पदार्थो का पुनः उपयोग एवं गैर–बायो डिग्रेडबेल कचरे का रिसायकलिंग के लिये प्रोत्साहित किये जाने के लिए सोमवार को विशेष अभियान के रूप में ग्राम गांवो में दिवाल लेखन, रैली आयोजन, मानव श्रृंखला, पर्यावरण संरक्षण के उपाय के लिए शपथ, संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामीणों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। स्वच्छ हरित ग्राम सप्ताहविभिन्न गतिविधियों जैसे जल निकायों के आस–पास सफाई कार्य, सार्वजनिक स्थलो का सफाई, रैली निकालकर स्वच्छता के संदेश, वृक्षा रोपण का वृहद्ध आयोजन 5 जून को समस्त ग्राम पंचायतों में किया गया है। 10 जून को समस्त ग्राम ग्राम पंचायतो में सोकपिट का निर्माणनाडेप टेंक का निर्माण किया गया है। जिसमें विकासखण्ड स्तर ग्राम पंचायत स्तर हेतु नोडल अधिकारियों को नियुक्ति किया गया है। सोमवार को विकासखण्ड फिंगेश्वर के स्वच्छ हरित ग्राम सप्ताह के अंतर्गत ग्राम पंचायत किरवई, बारूला, सेंदर एवं बरभाठा का जिला सीईओ रीता यादव ने निरीक्षण किया एवं गांवो को स्वच्छता एवं वृक्षारोपण तथा भूजल स्तर को बढ़ाने के संबंध में ग्रामीणों से चर्चा की। प्रत्येक घर में शौचालय का उपयोग एवं स्वच्छ रखने की जानकारी ग्रामीणो को दी गई। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ रीता यादव, जनपद सीईओ अजय पटेल, मनरेगा के पीओ रीना ध्रुवे सहित स्टाप एवं पंच सरपंच, सचिव उपस्थित थे।

